द्वितीय सत्र, 2019
का प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार,
## आषाढ़ 03, शक संवत्, 1941
## ( दिनांक : 24 जून 2019 )
## नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>15.04.2019 | विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>*1. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की कितनी लघु जल विद्युत योजनायें गत 10 सालों में आपदाओं में बह गई है ? इन्हें किस धन से बनाया जा रहा था और अब यदि इनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है, तो उसके लिए धन कहां से जुटाया जा रहा है ? केदारनाथ घाटी स्थित मद्‌महेश्वर गंगा और काली गंगा की विभिन्न बह गई परियोजनाओं के पुनर्निर्माण में अब आपदा से सुरक्षा हेतु क्या–क्या इंतजामात किए गए हैं ? क्या मंत्री जी काली गंगा 1 और 2 तथा मद्‌महेश्वर गंगा परियोजनाओं से संबंधित आपदा से पूर्व और उसके बाद की प्रोजेक्ट रिपोर्ट जिसमें वित्तीय स्थिति का विवरण और आपदा से प्रोजेक्ट की सुरक्षा से संबंधित दस्तावेज हैं, को सदन के पटल पर रखेंगे ? | ऊर्जा |
| श्री मनोज रावत<br>15.04.2019 | विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>*2 क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विनियमितीकरण नीति 2011, 2013 तथा 2016 द्वारा कितने संविदारत् कर्मी नियमित किये गये ? इन कर्मियों में से कितने कर्मी उपनल के माध्यम से संविदारत थे ? क्या मंत्री जी इससे संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे ? | कार्मिक |
| श्री धन सिंह नेगी<br>15.04.2019 | *3. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में विद्युत उत्पादन की अपार सम्भावना है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विद्युत उत्पादन के लिए सरकार ने अभी तक कितने क्षेत्रों को चिन्हित किया है तथा उनसे कितनी विद्युत उत्पादन की सम्भावनायें है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.04.2019<br>श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>25.4.2019 | *4. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में 01 जुलाई, 2017 से प्रारम्भ हुई ''नन्दा गौरा योजना'' में केवल उन्ही बालिकाओं को लाभ मिल रहा है जो या तो 01 जुलाई 2017 के बाद पैदा हुई थीं या उन्होंने 01 जुलाई 2017 तक अथवा उसके पश्चात् तक 01 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली थी ? यदि हां, तो नन्दा गौरा योजना प्रारम्भ होने से पूर्व अथवा जून, 2016 से पूर्व पैदा हुई बालिकायें जो ''हमारी कन्या हमारा अभिमान'' योजना के अन्तर्गत पंजीकृत थी | महिला सशक्तिकरण |

तथा जो नन्दा गौरा योजना के अन्तर्गत लाभ पाने से वंचित रह गयी हैं, उन्हें इस योजना के अन्तर्गत आच्छादित/लाभान्वित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक सरकार नन्दा गौरा योजना से वंचित रह गयीं ऐसी बालिकाओं हेतु बजट की व्यवस्था करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.04.2019 | *5. क्या उद्योग मंत्री उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40(2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2019 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न संख्या 01 के उत्तर के क्रम में बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत औद्योगिक आस्थानों की समस्याओं का भौतिक निरीक्षण कर शासन को रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु क्षेत्रीय प्रबन्धक, सिडकुल, हरिद्वार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा क्या रिपोर्ट दी गई तथा उस पर वर्तमान तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.04.2019 | **माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>*6. क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा याचिका संख्या–117, वर्ष, 2019 में दिनांक 01 अप्रैल, 2019 को पारित आदेश जो पदोन्नति में आरक्षण प्रदान किये जाने के संबंध में था, का सरकार द्वारा पालन किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कार्मिक |
| श्रीमती ममता राकेश<br>16.04.2019 | *7. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सिडकुल के अंतर्गत औद्योगिक आस्थानों में रोजगार कानूनों का पूर्ण रूप से पालन हो रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थापित औद्योगिक आस्थानों में स्थानीय युवकों के लिये 70 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान सुनिश्चित किया गया है ? यदि नहीं तो क्यों? | उद्योग |
| श्री मनोज रावत<br>16.04.2019 | *8 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि देहरादून नगर के गंगोत्री विहार (चीड़ोवाली) में अमन विहार के ब्लॉक सी की लेन संख्या–4 से बाला सुन्दरी मन्दिर तक मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, ऋषिकेश द्वारा अभी तक आरम्भ ही नहीं किया गया है जबकि उक्त मार्ग की हालत अत्यन्त खराब है? क्या मंत्री जी को यह भी ज्ञात है कि उक्त मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व टपकेश्वर धाम में किया गया है? यदि हां तो उक्त मार्ग के पुनर्निर्माण के कार्य में अनावश्यक विलम्ब के क्या कारण हैं और कब तक पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>18.4.2019 | तृतीय सोमवार के तारांकित–14 में स्थानान्तरित<br>*9 क्या कार्मिक मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सरकार कार्मिकों को सेवा पर लेती है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में सरकार की आउटसोर्सिंग एजेन्सिया कितनी गठित है तथा उनके द्वारा प्रदत्त रोजगार का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कार्मिक |
| श्री धन सिंह नेगी<br>18.4.2019 | *10 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि राज्य में सड़कों की स्वीकृतियां प्रथम व द्वितीय चरण में दी जाती हैं ? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वर्ष 2012 से 2017 तक ऐसी कितनी सड़कें है, जिनको प्रथम चरण की स्वीकृति प्राप्त है तथा उनके लिए कितना बजट स्वीकृत है ? क्या यह भी सत्य है कि सरकार प्रथम चरण की स्वीकृतियों में वनभूमि व जमीन प्रतिकर का बजट देती है ? यदि हां तो क्या मा0 मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश भर में वर्ष, 2002 से 2017 तक प्रथम चरण की स्वीकृत सड़कों (जिन पर कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है) पर कितना बजट आंवटित किया गया हैं ? क्या ऐसी प्रथम चरण की सड़कें जो बनायी जानी संभव नहीं है, के लिए आंवटित बजट के सापेक्ष विधानसभा वार अन्य सड़कों पर स्वीकृतियां दिये जाने का विचार किया जा सकता है? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.04.2019 | *11. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने को कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्वचल अस्पताल की गत सरकारों द्वारा कोई योजना शुरू की गई थी? यदि हां तो इस योजना का विवरण क्या है और सरकार द्वारा यह कब तक पूर्ण रूप से प्रदेश भर में शुरू की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.04.2019 | *12. क्या सामान्य प्रशासन मंत्री अवगत हैं कि सचिवालय में विकास कार्यों को कराये जाने में अत्यधिक जटिलतायें हैं, जिससे अत्यधिक विलम्ब होता है और विकास कार्य प्रभावित होते हैं? क्या सरकार वर्षो से चल रही इन जटिलताओं को कम करने अथवा सरलीकरण करने पर विचार करेंगी? यदि हां, तो क्या और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>23.04.2019 | *13. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 108 आपात सेवा में वर्तमान समय में कुल कितने वाहन संचालित हैं तथा कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? 108 आपात सेवा में केन्द्र द्वारा कितना अंशदान दिया जाता है और राज्य सरकार द्वारा कितना अंशदान दिया जाता हैं ? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि समय से देयकों का भुगतान न होने के कारण बहुधा 108 कर्मी हड़ताल/आन्दोलन करने लगते हैं, जिससे स्वास्थ्य सुविधायें प्रभावित होती हैं? क्या सरकार निर्बाध रूप से 108 आपात सेवा की उपलब्धता बनी रहे, पर विचार करेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजानदास<br><br>23.04.2019 | *14 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश में सड़कों के नव निर्माण/विस्तारीकरण हेतु वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत न होने के कारण उत्तराखण्ड प्रदेश गठन एवं राज्य गठन से पूर्व से स्वीकृत कुल मार्गों पर कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है तथा उत्तराखण्ड के कई बीहड़ गावों में सड़कों की स्वीकृति के उपरान्त भी कार्य प्रारम्भ न होने से लोग अत्यन्त खिन्न हैं तथा पलायन को मजबूर हैं ? क्या सरकार प्रदेश में वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत न होने से सड़कों के निर्माण में हो रही देरी के निदान हेतु कोई ठोस नीति बनायेगी? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खजानदास<br><br>23.04.2019 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>*15. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश के किन–किन जिलों में राज्य गठन से पूर्व एवं राज्य गठन के बाद कब–कब तथा कौन–कौन सी तहसीलों में बन्दोबस्त हुआ था ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि प्रदेश में राज्य गठन के बाद से अब तक बन्दोबस्त की व्यवस्था न होने से आज भी कृषकों की अधिकतर कृषि/आवासीय भूमि भू: अभिलेखों में किसानों के नाम दर्ज नही है तथा प्रदेशवासी लम्बे समय सें प्रदेश में बन्दोबस्त की मांग करते चले आ रहे हैं? क्या सरकार प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों मे निवासरत मझले एवं छोटे कृषकों को उत्तराखण्ड वासियों के हित में पलायन को रोकने के लिये बन्दोबस्त की व्यवस्था करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल<br><br>24.04.2019 | *16. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में उत्तराखण्ड राज्य बनने से वर्तमान समय तक कितनी पटवारी चौकियों का निर्माण किया गया है, तथा उनकी जिलेवार कितनी संख्या है ? उक्त चौकियों को बनाने पर हुए व्यय का विवरण क्या है ? सरकार द्वारा काफी व्यय किये जाने के उपरान्त बनी पटवारी चौकियों में पटवारियों के न बैठने के कारण जनता को उसका लाभ नही मिल पा रहा है ? क्या सरकार द्वारा सभी पटवारियों को अपनी चौकियों में बैठकर कार्य करने हेतु कोई आदेश पारित किया जाएगा ? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br><br>24.04.2019 | *17. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दून महिला अस्पताल देहरादून में भारी अव्यवस्थाओं के कारण गर्भवती माताओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार दून महिला अस्पताल देहरादून में गर्भवती माताओं के लिए बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए महिला चिकित्साधिकारी, स्टाफ नर्स, चिकित्सकीय उपकरण, अतिरिक्त बैड आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित करायेगी, यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25.04.2019 | *18. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में आपदा रिकवरी परियोजना कब से कार्यरत है ? क्या यह सत्य है कि सीधे विश्व बैंक की सहायता से संचालित इस परियोजना में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को अत्यधिक वेतन व भत्तों पर नियुक्त किया गया है ? क्या यह भी सत्य है कि इस परियोजना में कार्यरत टीम लीडरों, साईट सुपरवाइजरों तथा अन्य कार्मिकों को कंसल्टेन्सी के नाम पर मोटी धनराशि का भुगतान किया जा रहा है ? क्या सरकार ऐसे प्रत्येक कार्मिक को प्रतिमाह मिलने वाली धनराशि भुगतान का विवरण तथा बेतहाशा खर्च का औचित्य बतायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25.04.2019 | *19. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कुछ नौजवान शिक्षित बेरोजगारों के द्वारा ग्राम आमवाला पछुवादून देहरादून में अपनी निजी भूमि पर स्वयं के आर्थिक संसाधनों से एक वर्ष पूर्व 50 किलोवाट क्षमता का ऑन ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर विद्युत उत्पादन प्रारम्भ किया गया था, किन्तु उरेडा तथा उत्तराखण्ड पॉवर कार्पोरेशन लि0 द्वारा लगभग एक वर्ष से इन शिक्षित बेरोजगारों द्वारा स्थापित किए गये ऑन ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट से विद्युत क्रय करने के विषय में अनावश्यक परेशान तथा इनका उत्पीड़न किया जा रहा है जबकि ये शिक्षित बेरोजगार नौजवान सरकार/राज्य को सस्ती दरों पर विद्युत विक्रय करने को सहमत हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि इनके द्वारा स्थापित ऑन ग्रिड सोलर प्लांट से उत्पादित विद्युत का क्रय कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री खजान दास<br>26.4.2019 | *20. क्या आपदा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील है? मौसम की सटीक जानकारी समय से प्राप्त हो सके इस हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 2003 में मसूरी एवं नैनीताल में दो डॉप्लर रडार लगाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि अब तक भी नैनीताल अथवा मसूरी में उक्त डॉप्लर रडारें स्थापित नही हो सकी हैं? क्या सरकार प्रदेश में मौसम की सटीक जानकारी समय से न मिलने के कारण घट रही कई प्रकार की आकस्मिक घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिए मसूरी एवं नैनीताल में शीघ्र ही डॉप्लर रडार लगायेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>15.4.2019 | 01. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में नियमानुसार प्रत्येक पी0एच0सी0 और सी0एच0सी0 में कितने डॉक्टर नियुक्त होने/किए जाने चाहिए ? रूद्रप्रयाग जनपद की केदारनाथ विधान सभा की प्रत्येक पी0एच0सी0 अथवा सी0एच0सी0 में क्या नियमानुसार डॉक्टर नियुक्त किए गये हैं? यदि नही तो कब तक नियुक्त किए जाएंगे ? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत 15.4.2019 | 02. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पिछले 05 सालों में कितने नए राजस्व गांवों का निर्माण हुआ है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के विभिन्न जनपदों में नए राजस्व गांवों के गठन हेतु कितने प्रस्ताव लंबित है? यदि लंबित नहीं है, तो क्या प्रदेश में नए राजस्व गांवों के गठन की आवश्यकता नहीं है? क्या मंत्री जी इससे संबंधित विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? | राजस्व |
| श्री धन सिंह नेगी 15.4.2019 | 03. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार अपने विभाग की सड़कों के लिए प्रतिवर्ष वार्षिक अनुरक्षण मद में बजट देती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में वार्षिक अनुरक्षण मद में कितनी धनराशि का प्राविधान था व कितनी धनराशि जनपदवार अवमुक्त की गयी है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त मद में दी जा रही धनराशि के सापेक्ष चयनित की जाने वाली सड़कों के मानक भी तय किये गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मानकों का विवरण उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री धन सिंह नेगी 15.4.2019 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित–01 में स्थानान्तरित।**<br>04. क्या औद्योगिक विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ऐसी कितनी पर्यटन से जुड़ी योजनाओं को औद्योगिक क्षेत्र में सम्मिलित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास |
| श्री धन सिंह नेगी 15.4.2019 | 05. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में मनरेगा के तहत पंजीकृत मजदूरों को साल भर में 100 दिन का रोजगार देने की व्यवस्था है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्रति व्यक्ति औसतन रोजगार कितने दिन का मिला है ? क्या यह भी सत्य है कि मनरेगा के तहत भुगतान की व्यवस्था निश्चित समय पर होती है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2019–20 के प्रथम तीन माह की जनपदवार स्थिति बताने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्रीमती ममता राकेश 15.4.2019 | 06. क्या विधान सभा के प्रथम सत्र 2019 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 26 के उत्तरालेख के क्रम में राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अध्यक्ष राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में गठित समिति की आख्या/संस्तुति शासन को प्राप्त हो गई है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी आख्या को सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल 15.4.2019 | 07. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुकदमा अपराध सं0–113/ (2007) 420, 466, 468, 471 आई0पी0सी0 थाना कोतवाली सिविल लाईन रूड़की जिला हरिद्वार में दिनांक 14.12.2007 को आरोप पत्र संख्या– 272/2007 जारी हो चुका है तथा यह आरोप पत्र अभी तक न्यायालय नहीं पहुंचा है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि यह आरोप पत्र कब तक न्यायालय पहुंचेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>15.4.2019 | 8. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चम्पावत जिले की चम्पावत विधान सभा में मंच उप तहसील की स्वीकृति कब दी गयी थी? उप तहसील हेतु कितने पद स्वीकृत किये गये थे एवं उसके भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी? स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पदों पर नियुक्ति की गयी है ? निर्माण पर आतिथि तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा कितना कार्य होना शेष बचा है ? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.4.2019 | 9. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजस्व विभाग में कितने बैकलॉग के पद रिक्त है ? यदि हां तो उन्हें भरने की सरकार की क्या कोई योजना है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री मनोज रावत<br>18.4.2019 | **मा0 न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त**<br>10. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के विभिन्न ऊर्जा निगमों में उपनल के माध्यम से कितने संविदारत कर्मी सेवायोजित हैं? इन संविदारत कर्मियों की याचिकाओं पर विभिन्न श्रम न्यायधिकरणों, उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय ने जो निर्णय दिये हैं क्या सरकार आदेशों का पालन करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी इससे संबन्धित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे? | ऊर्जा |
| श्री मनोज रावत<br>18.4.2019 | 11. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत कितने गांवो व घरों को सम्पूर्ण विद्युतीकरण किया जाना था ? अब तक सौभाग्य योजना में कितने गांवो व घरों का विद्युतीकृत कर दिया गया है? रूद्रप्रयाग जनपद के लिए कितने गांवों या घरों में सौभाग्य योजना से विद्युतीकरण है एवं उनके विद्युतीकरण की सरकार के पास क्या योजना है ? | ऊर्जा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.4.2019 | 12. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गृह विभाग में कितने बैकलॉग के पद रिक्त है? यदि हां तो उन्हें भरने की सरकार की क्या कोई योजना है? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |
| श्री मनोज रावत<br>22.04.2019 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>13. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में भूमि घोटालों की जांच के लिए बनाई गई विभिन्न एस0आई0टी0 के सम्मुख 10 बीघे से बड़े जमीन के घोटालों की अब तक कितनी शिकायतें आई और इनमें कितनों का निस्तारण हुआ ? देहरादून जिला प्रशासन द्वारा कोतवाली देहरादून में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 205/2015 जो कि लगभग 225 बीघा जमीन का भू–घोटाला था, वर्तमान में क्या प्रगति है ? क्या मंत्री जी 10 बीघे से बड़ी जमीन घोटालों की सूची और इस संबंध में प्रगति तथा मुकदमा अपराध संख्या– 205/2015 के समस्त दस्तावेज (शिकायत पत्र, एफ0आई0आर, सम्पूर्ण चार्ज शीट/फाइनल रिपोर्ट की कापी तथा इस संबंध में प्राप्त शिकायती पत्र सदन के पटल पर रखेंगे ? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>22.04.2019 | 14. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजस्व विभाग का मिनिस्ट्रीयल संवर्ग जिले और तहसीलों में क्या क्या कार्य करता है ? जिलेवार इस संवर्ग में कितने पद स्वीकृत हैं और इनमें कितने पद भरे गये हैं ? राजस्व विभाग के मिनिस्ट्रीयल संवर्ग का पुनर्गठन कब से और क्यों लंबित है ? क्या मंत्री जी इससे संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे ? | राजस्व |
| श्री मनोज रावत<br>22.04.2019 | 15. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश के विभिन्न विभागों/ निगमों में उपनल के माध्यम से कितने संविदा कर्मी सेवायोजित है ? इन संविदाकर्मियों में से कितने कर्मी पूर्व सैनिक हैं ? क्या इन संविदाकर्मियों को श्रम कानूनों और प्रदेश में प्रचलित कार्मिक नियमावली द्वारा वेतन व भत्ते प्रदान किये जाते हैं? क्या मंत्री जी इससे संबन्धित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे ? | सैनिक कल्याण |
| श्री मनोज रावत<br>22.04.2019 | 16. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी के प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग दुगड्डा द्वारा लगभग पन्द्रह वर्ष पूर्व निर्मित करैंखाल से ग्राम गोदी (बड़ी) तक निर्मित मार्ग हेतु अधिगृहित भूमि खसरा संख्या–161 के अंश को मुआवजा का भुगतान आतिथि तक नहीं किया गया है ? यदि हॉ तो क्यों? संबंधित भू–स्वामी को उक्त मुआवजे का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा? यदि नहीं तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.04.2019 | 17. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र सल्ट के दूरस्थ गाँवों में विद्युत पोल (खम्बे) जीर्ण–क्षीर्ण अवस्था में हैं और तारें लटक रही हैं, जिससे कभी भी कोई गम्भीर दुर्घटना घटित हो सकती है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में जीर्ण–क्षीर्ण विद्युत पोल (खम्बे) को शीघ्र बदलने की कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.04.2019 | **द्वितीय सोमवार के अतारांकित–10 में स्थानान्तरित।**<br>18. क्या उद्योग मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रदेश में पिरूल के अत्यधिक उत्पादन का सदुपयोग कर उससे विद्युत एवं अन्य प्रकार के ईंधन आदि बनाये जा सकते है? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगें, कि प्रदेश में वर्तमान तक कुल कितने पिरूल के उद्योग स्थापित हो चुके है और कुल कितने लोगों को अभी तक रोजगार प्राप्त हुआ है ? क्या सरकार पिरूल नीति को और अधिक मजबूत करके और अधिक रोजगार देने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री धन सिंह नेगी<br>22.04.2019 | **विभिन्न विभागों से सम्बन्धित होने एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>19. क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी0बी0टी0) योजना के तहत लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है? क्या सरकार मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत चयनित लाभार्थियों को भी इस योजना से जोड़ने जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | मुख्यमंत्री कार्यालय |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>23.04.2019 | 20. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में कुल कितने पशु चिकित्सालय हैं ? मा0 मंत्री जी क्या यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त चिकित्सालयों के सापेक्ष चिकित्सकों की नियुक्ति की गयी हैं ? यदि नहीं, तो क्या सरकार रिक्त पदों पर पशु चिकित्सकों की नियुक्ति शीघ्र करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | पशुपालन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>23.04.2019 | 21. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश भर में 'जननी सुरक्षा योजना' के अन्तर्गत किन–किन क्षेत्रों में किस प्रकार के लाभ दिये जा रहे हैं? क्या सरकार 'जननी सुरक्षा योजना' की समीक्षा कर इसको परिवार नियोजन से सम्बद्ध करते हुए, लाभ केवल दो बच्चों तक सीमित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>23.04.2019 | 22. क्या महिला सशक्तिकरण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश भर में आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन न होने से आंगनबाड़ी का संचालन प्राथमिक विद्यालयों में हो रहा हैं ? यदि हां, तो अभी तक आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन निर्माण न होने के क्या कारण हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु कुल कितनी धनराशी स्वीकृत हुई थी उसके सापेक्ष अब तक कुल कितने भवनों का निर्माण करा लिया गया है, तथा कितने शेष रह गये हैं? क्या सरकार आंगनबाड़ी के भवनों का निर्माण शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>23.04.2019 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राज्य में लो0 नि0 वि0 की सड़कों की स्वीकृतियां दो चरणों में होती हैं ? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष, 2002 से अभी तक ऐसी कितनी सड़कें प्रथम चरण की स्वीकृत हैं, जिन पर द्वितीय चरण की स्वीकृति प्राप्त नहीं हो सकी हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>23.04.2019 | 24. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री प्रदेश के समस्त राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों का विवरण विधान सभावार सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि हां, तो इनमे से कितनी सीटों के सापेक्ष कितने छात्रों ने प्रवेश लिया है ? क्या सरकार रिक्त सीटों पर प्रवेश से वंचित रह गये छात्रों को अवसर प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>24.04.2019 | 25. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार अनुरक्षण मद में सड़कों की मरम्मत के लिए बजट उपलब्ध कराती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में राज्य सरकार ने जनपद टिहरी गढ़वाल को कितनी धनराशि दी है तथा उसके सापेक्ष किये गये कार्यो का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>24.04.2019 | 26. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में मनरेगा योजना से गावों के विकास कार्य कराये जा रहे हैं ? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि मनरेगा में अभी तक कौन–कौन से कार्य प्राथमिकता के साथ कराये जाते है? क्या यह भी सत्य है कि मनरेगा में गाईड लाईन से बाहर के कार्य करना प्रतिबन्धित है? यदि हां, तो उसका औचित्य सहित विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजानदास<br>24.04.2019 | 27. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 थत्यूड़ अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 239/2010 के अनुपालन में बिरोड से नागथात मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 5.570 किमी की स्वीकृति प्रदान की गई थी? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि आज तक भी उक्त मोटर मार्ग को वित्तीय स्वीकृति प्रदान नही हो पाई है जिस कारण मोटर मार्ग के नवनिर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है? क्या सरकार वर्ष 2010–11 में स्वीकृत बिरोड नागथात मोटर मार्ग को वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खजानदास<br>24.04.2019 | 28. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 थत्यूड़ अन्तर्गत पन्तवाड़ी नागटिब्बा मोटर मार्ग के अवशेष भाग 02 कि0मी0 की स्वीकृति वर्ष 2010–11 में प्रदान की गई थी, किन्तु अब तक भी उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण नही हो पाया है जिस कारण जनमानस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार द्वारा वर्ष 2010–11 में स्वीकृत पन्तवाडी नागटिब्बा मोटर मार्ग के अवशेष भाग 02 कि0मी0 का निर्माण शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु वित्तीय संसाधन अब उपलब्ध है? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.04.2019 | 29. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैण्डखाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उच्चीकृत किये जाने की मांग स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों के द्वारा लम्बे समय से की जा रही है? इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग–1 संख्या वी0आई0पी(एम)/(बी) 913/XXXV-1/2017(2) दिनांक 07 जुलाई 2017 के पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.04.2019 | 30. क्या न्याय मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में उच्च न्यायालय की बैंच की स्थापना पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उच्च न्यायालय की पीठ जनपद हरिद्वार में स्थापित करने हेतु कार्यवाही कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | न्याय |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25.04.2019 | 31. क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वर्ष 2016–17 एवं 2017–18 में वाह्य सहायतित परियोजनाऐं कौन कौन सी एवं किन किन क्षेत्रों में संचालित की गयी है? इन 02 वर्षो में वाह्य सहायतित परियोजनाओं से राज्य को कितना लाभ हुआ है और भविष्य में किन–किन क्षेत्रों में कौन कौन सी परियोजनाऐं संचालित की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नियोजन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25.04.2019 | 32. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन परिवारों की संख्या क्या है? क्या सरकार इन आवास विहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए किसी योजना पर विचार कर रही है? यदि हां, तो वह क्या है और कब तक सबको आवास उपलब्ध करा दिए जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजानदास<br>25.04.2019 | 33. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री अवगत है कि राज्य में उरेडा के तहत सोलर प्लान्ट लगाने हेतु समय–समय पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अनुदान आवंटित किया जाता है तथा लाभार्थियों द्वारा लगाये गये सोलर प्लान्ट से सरकार विद्युत क्रय करती है? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने सोलर प्लान्ट अनुदान पर स्वीकृत किये गये थे, आवंटित सोलर प्लान्टों से वर्षवार कितना विद्युत उत्पादन हो रहा है तथा वर्षवार कितने सोलर प्लान्ट बन्द हो गये है? क्या सरकार सोलर प्लान्ट लगाये जाने हेतु अब तक राज्य/भारत सरकार द्वारा दिये गये अनुदान के लाभार्थियों की जिले/वर्षवार (चालू एवं बन्द हो चुके प्लान्टों की) सूची उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वैकल्पिक ऊर्जा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>25.4.2019 | 34. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि सरकारी विभाग के लिए दी गयी जमीन की रजिस्ट्री की जाती है? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि एक बार सरकारी कार्य के लिए रजिस्ट्री की गयी भूमि का दाखिला खारिज (अमलदरामद) संबंधित विभाग के नाम किया जाता है, तो उसकी समय सीमा तय है? यदि नहीं तो क्यों? | राजस्व |
| श्री धन सिंह नेगी<br>25.4.2019 | 35. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य गतिमान है? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि कार्य कर रही फर्म/कम्पनियां सड़क निर्माण की मिट्टी डी0पी0आर0 में प्राविधानित जगहों पर ही डालती है? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25.4.2019 | 36. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उपनल के माध्यम से विभिन्न विभागों में कार्यरत् कार्मिकों का स्थानान्तरण जनपद तथा मण्डल से बाहर किया जा सकता है? क्या यह सत्य है कि न्यूनतम मानदेय अथवा वेतन पर वर्षो से कार्यरत इन कार्मिकों का सुदूर क्षेत्रों, जनपद/मण्डल से दूसरे मण्डल में स्थानान्तरण कर उत्पीड़न किया जा रहा है? क्या सरकार इन अल्प वेतन/मानदेय पर कार्यरत कार्मिकों के ऐसे उत्पीड़न पर रोक लगायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सैनिक कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.4.2019 | **मा0 न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>37. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पुलिस विभाग के पुलिस कर्मियों पर काम का दबाव और तनाव के चलते उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? सरकार पुलिस कर्मियों के काम के बोझ को तथा तनाव को कम करने के लिए क्या क्या उपाय कर रही है ? क्या सरकार प्रदेश में पुलिस कर्मियों को आठ घन्टे की ड्यूटी के प्रस्ताव पर विचार कर रही है? यदि हां तो कब तक? यदि नही, तो क्यों ? | गृह |
| श्री धन सिंह नेगी<br>26.4.2019 | 38. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य चल रहा है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना के तहत अभी तक राज्य को कितनी धनराशि प्राप्त हुई है? क्या यह भी सत्य है कि राज्य सरकार उक्त योजना पर प्रतिकर व अन्य परिसम्पतियों का भुगतान राज्यांश की मद से करती है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा के अन्तर्गत निर्माणाधीन सड़कों का | ग्राम्य विकास |

प्रतिकर भुगतान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री करन माहरा 26.4.2019 | 39. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–18 एवं वर्ष 2018–19 में कांग्रेस पार्टी के विधायकों के विधान सभा क्षेत्रों में वर्षवार किन–किन राज्य स्तरीय सड़कों की निर्माण स्वीकृति प्रदान की गई तथा कितना–कितना धन आवंटित किया गया है? क्या सरकार उक्त से संबंधित समस्त विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल 29.4.2019 | 40. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार किन–किन कार्यों हेतु भूमि अधिगृहित कर सकती है? क्या मा0 सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आदेश के अनुक्रम में विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम लकरौता में तोड़े गये सैकड़ों वर्ष पुराने मकानों व प्रभावितों को पुर्नवासित करने के लिए सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| हाजी फुरकान अहमद 29.4.2019 | 41. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में अब तक मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रत्येक विधायक की संस्तुति पर कितनी धनराशि कितने लाभार्थियों को दी गई? क्या सरकार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 30.4.2019 | 42. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सुवाखोली–अलमस–भवान–नगुण मोटर मार्ग पर सैकड़ों स्थानों पर भारी गड्ढे बने हुए हैं? क्या यह सत्य है कि सीमावर्ती जनपद उत्तरकाशी जाने वाला यह सबसे नजदीकी और सरल मोटर मार्ग बन जाने से वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गयी हैं?क्या सरकार चारधाम यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व सुवाखोली–अलमस–भवान–नगुण मोटर मार्ग का सुधारीकरण करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 30.4.2019 | 43. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में उच्च स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती होने के लिए मरीजों को किसी सरकारी अस्पताल से रेफर किये जाने की बाध्यता अटल आयुष्मान योजना अन्तर्गत लिए जाने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है? क्या यह सत्य है कि गम्भीर रूप से बीमार अथवा आपदा/दुर्घटना में घायलों को भी इस व्यवस्था से गुजरना पड़ता है? क्या इससे मरीजों/घायलों को अनावश्यक अधिक समय नहीं लगेगा और तुरन्त उपचार न मिलने से ऐसे मरीजों की जान भी जा सकती है? क्या सरकार ऐसे मामलों में सरकारी अस्पतालों से अनिवार्य रेफर की बाध्यता को खत्म करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 30.4.2019 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** 44. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में उन के द्वारा तत्कालीन प्रभारी मंत्री के साथ वर्ष 2014–15, 2015–16 तथा 2016–17 में धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र के नैनबाग, जाखधार, थत्यूड़ कण्डीसौड़, गरखेत तथा कैम्पटी आदि क्षेत्रों | |

| | | |
|---|---|---|
| | में विभिन्न विभागों की जनहित के विकास योजनाओं की घोषणायें की गई थी? क्या मुख्यमंत्री जी बतायेंगे कि उपरोक्त स्थानों व वर्षो में की गई घोषणाओं में से कुल कितनी घोषणायें पूर्ण कर ली गई हैं? और वे कौन–कौन सी घोषणायें हैं जो पूर्ण की जानी हैं? क्या सरकार विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में मुख्यमंत्री के द्वारा वर्ष 2014–15, 2015–16 तथा 2016–17 में की गई घोषणाओं के पूर्ण एवं अवशेष घोषणाओं का अद्यतन विवरण उपलब्ध करायेगी और अवशेष घोषणाओं को कब तक पूर्ण करवाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | घोषणा विभाग |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.4.2019 | 45. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में उप तहसील धनोल्टी को वर्ष 2003 में पूर्ण तहसील का दर्जा शासन द्वारा दिया गया था? क्या यह सत्य है कि तहसील धनोल्टी में उप जिला मजिस्ट्रेट का पद सृजित नहीं किया गया है ? यदि हां, तो कब तक सृजित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.4.2019 | 46. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के मुख्य शहरों एवं दिल्ली सहित अन्य प्रदेशों से शनिवार, रविवार को नैनीताल व मसूरी में हजारों लाखों की संख्या में लोग घूमने आते हैं, जिससे शनिवार, रविवार को मसूरी, नैनीताल एवं देहरादून से सम्बद्ध हाइवे पर घण्टों–घण्टों ट्रैफिक जाम की बहुत अधिक समस्या रहती है? यदि हां, तो क्या सरकार विशेषकर शनिवार, रविवार को इस समस्या से निजात पाने की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्री धन सिंह नेगी<br>30.4.2019 | 47. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि टिहरी जनपद के जिला अस्पताल बौराड़ी को पी0पी0पी0 मोड में दिया गया है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त अस्पताल को किन सेवा शर्तो के आधार पर किस अस्पताल/संस्थान को दिया गया है तथा उक्त अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या व अन्य स्टाफ की संख्या का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि पी0पी0पी0 मोड में संचालित करने वाली संस्था/अस्पताल में पंजीकृत मरीजों को उपचार, जॉच इत्यादि करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी? यदि हॉ तो उक्त अस्पताल में मरीजों पर प्रतिमाह व्यय होने वाली धनराशि का विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>1.5.2019 | 48. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2016 में उत्तराखण्ड पॉवर कॉपारेशन लि0 में सहायक अभियन्ता विद्युत के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी की गई थी? क्या यह सत्य है कि उक्त विज्ञापित पदों के लिए परीक्षा भी आयोजित करा ली गई थी? यदि हां, तो उक्त परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कब तक करवा लिया जायेगा तथा रिक्त पदों पर सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति/तैनाती कब तक करा ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>1.5.2019 | 49. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दमकल कर्मियों के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की भारी कमी है? क्या यह सत्य है कि मानकों के अनुसार फायरमैन को आग के बीच जाने के लिए प्राक्सिमेरी सूट की आवश्यकता होती है और धुये में सांस लेने के लिए ब्रीदिंग उपकरण की जरूरत है? यदि हां, तो प्रदेश में दमकल कर्मियों की सुरक्षा | गृह |

हेतु अनिवार्य सुरक्षा उपकरणों का क्रय कब तक कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 1.5.2019 | 50. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 08 जनवरी, 2019 को विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम ठसका में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यकरण कराये जाने की घोषणा की गई थी? इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नही, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 2.5.2019 | 51. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा धनोन्टी के अन्तर्गत कण्डीगांव तहसील कण्डीसौड़ में दिनांक 21.12.2018 को गैस सिलेण्डर फटने से श्री केशर सिंह उम्र 73 वर्ष, श्रीमती सुमित्रा देवी उम्र 65 वर्ष, कु. हिमांशी 13 वर्ष, कु. अंभिका 10 वर्ष, कु0 आंचल 08 वर्ष तथा कु. आरूषि 06 वर्ष बुरी तरह जख्मी हो गये थे, जिनका उपचार एम्स ऋषिकेश में लम्बे समय तक चला? क्या सरकार द्वारा गैस कम्पनी से प्रभावितों को प्रतिकर का भुगतान कराया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री धन सिंह नेगी 2.5.2019 | 52. क्या मत्स्य पालन मंत्री अवगत है कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत टिहरी झील में मत्स्य विभाग की कोई योजना संचालित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगे कि टिहरी झील में मछली पालन हेतु विभाग द्वारा किये गये टेंडर में सरकार को प्रतिवर्ष कितने राजस्व की प्राप्ति हो रही है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार मत्स्य पालन को बढावा देने के लिए बीज प्रजनन इत्यादि हेतु हैचरी का निर्माण करती है? यदि हां, तो नागणी स्थित हैचरी के बारे में अभी तक क्या कार्यवाही हुयी है? यदि नही, तो क्यों ? | मत्स्य |
| श्री धन सिंह नेगी 2.5.2019 | 53 क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पॉलीटैक्निक संस्थानों में नए ट्रेड प्रारम्भ करने की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा टिहरी के अन्तर्गत राजकीय पॉलीटैक्निक जाखणीधार व नई टिहरी में कितने ट्रेड वर्तमान में संचालित है एवं उनमें अध्यनरत् छात्र छात्राओ का विवरण क्या है? यदि नही, तो क्यों ? | प्राविधिक शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी 2.5.2019 | 54. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत है कि नर्सिंग कालेजों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत कालेजों के अवस्थापना विकास हेतु कोई योजना चल रही है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत नर्सिंग कालेज काण्डा सुरसिंहधार टिहरी गढ़वाल में सृजित पदों पर नियुक्ति हेतु सरकार कब तक विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 3.5.2019 | 55. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि प्रदेश में जनपदवार कुल कितनी ग्राम पंचायतें, ग्राम मजरें तथा तोक विद्युत सुविधा से वंचित है? प्रदेश की विद्युत सुविधा से वचित ग्राम पंचायतो, गांवो, मजरों व तोको में विद्युतीकरण का कार्य कब तक पूर्ण करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>3.5.2019 | 56. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में मुख्यमंत्री ग्रामीण सडक योजना (एस.सी.एस.पी.) के अन्तर्गत कुंआ कफनौल मोटर मार्ग से पालुका मोटर मार्ग का निर्माण (द्वितीय चरण) लागत रू0 80.00 लाख लम्बाई 1.50 किमी0 का आगणन स्वीकृति की प्रत्याशा में शासन में लम्बित है? क्या यह भी सत्य है कि मोटर मार्ग मे पडने वाले काश्तकारों की जमीन के प्रतिकर का भुगतान विभाग द्वारा किया जा चुका है? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कब तक करवा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>3.5.2019 | 57. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकासखण्ड जौनपुर के ग्राम पंचायत तौलिया काटल(सकलाना) में चिफल्डी नदी पर सन् 1990 में पैदल पुल का निर्माण किया गया था? क्या यह भी सत्य है कि सन् 2013 की अतिवृष्टि के कारण पैदल पुल की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे पुल के क्षतिग्रस्त होने तथा भारी दुर्घटना की प्रबल सम्भावना बनी हुई है? क्या सरकार उक्त पैदल पुल की मरम्मत करवायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>3.5.2019 | 58. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत है कि प्रदेश भर में ऊर्जा विभाग में टैक्नीशियन व टी0जी0 02 के पद रिक्त है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि वर्तमान में कुल कितने पद खाली है? क्या यह भी सत्य है कि विभाग द्वारा इन रिक्त नियमित पदों पर उपनल से कार्मिक रखे गये है? यदि हां तो क्या सरकार उपनल से रखे गये दक्ष/कुशल कार्मिको का नियमित पदों पर स्थायीकरण करने का कार्य करेगी? यदि नही, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>3.5.2019 | 59. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में राजकीय पालीटैक्निक व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण कराये जा रहे है? यदि हां तो वर्तमान में ऐसे कितने संस्थानों के भवन निर्माण किये जा रहे है? क्या यह भी सत्य है कि कुछ भवनों के कार्य धनाभाव के कारण पूर्ण नही हो सके है? यदि हां तो उनका विवरण क्या है तथा उनको सरकार कब तक पूर्ण करेगी? यदि नही, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>3.5.2019 | 60. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत कितने मोटर मार्गो का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा कितने मोटर मार्ग अपूर्ण है? क्या निर्धारित अवधि के अन्दर सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>3.5.2019 | 61. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत सिडकुल क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में जहरीली प्रदूषित गैस फैलाने वाली फैक्ट्रियों को जनता द्वारा दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की जा रही है? यदि हां तो क्या सरकार प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को अन्यत्र शिफ्ट करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश 3.5.2019 | 62. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सम्पत्ति विभाग के नियन्त्रणाधीन बन्नू कालोनी रेसकोर्स में स्थित II श्रेणी के एवं आफिसर्स कालोनी के टाईप III आवासों में वर्तमान में किये जा रहे अनुरक्षण के कार्यों की टैक्निकल स्वीकृति किस स्तर की कमेटी द्वारा की गयी है? सरकार वर्तमान में स्वीकृत किये गये कार्यों की छायाप्रति को सदन के पटल पर रखेगी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किये गये कार्यों का भुगतान करने से पहले विभाग अध्यासी द्वारा कार्यों का सत्यापन कराया जाता है? यदि हां, तो वर्तमान में किये जा रहे कार्यों का सत्यापन की प्रति सदन के पटल पर रखेगे? यदि नहीं, तो क्यों? | राज्य सम्पत्ति |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 06.05.2019 | 63. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अतर सिंह पुत्र श्री इन्दर सिंह तथा चतर सिंह पुत्र श्री इन्दर सिंह निवासी ग्राम टण्डोल पो0 कोटधार जिव्या तहसील चिन्यालीसौड़ जनपद उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में दिनांक 02.10.1994 को मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहे पर सम्मिलित रहे और थाना पुलिस छपार ने 107, 116 सी0आर0पी0सी के अपराध में बन्द किये गये थे, जिसका वाद संख्या–884/1994 सरकार बनाम मनोहर लाल आदि 345 व्यक्तियों के विरूद्ध न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट सदर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में चला? क्या सरकार इनको राज्य आन्दोलनकारी घोषित कर अनुमन्य देय सुविधायें प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 06.05.2019 | 64. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी व उत्तरकाशी के चम्बा, कमांद, कण्डीसौड़ तथा चिन्यालीसौड़ में सैकड़ों गायें खुले रूप में घूम रही हैं ? क्या यह सत्य है कि इन गायों को जंगली जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है और कुछ गायें बेमौत मर रही है ? क्या सरकार ऐसी लावारिस गायों के लिए कोई समुचित व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पशुपालन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 06.05.2019 | 65. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकासखण्ड थौलधार के ग्राम पंचायत कमांद, कैच्छू, नरेसरी आदि गांवों में बिजली के तार झूल रहे है, जिसके कारण विद्युत प्रवाह का भारी खतरा बना हुआ है ? क्या यह सत्य है कि झूलते विद्युत तारों के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहती है ? क्या सरकार उक्त समस्या का निस्तारण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री देशराज कर्णवाल 06.05.2019 | 66. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड राज्य में किसानों द्वारा अपनी आवश्यकता हेतु पशु पालने पर सरकार की ओर से कोई प्रोत्साहन योजना चलायी गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पशुपालन |
| श्री संजय गुप्ता 06.05.2019 | 67. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में गौमांस मिलने की खबरों से हिन्दू समाज में भारी रोष व्याप्त है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक थाना क्षेत्र के लिए गौ स्क्वाड बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.05.2019 | 68. क्या सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के स्थानीय उत्पाद पर आधारित उत्पादन एवं बिक्री केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं ? यदि हां, तो ऐसे कितने केन्द्र वर्तमान में संचालित हैं ? क्या यह भी सत्य है कि वर्षों से पुराने जीर्ण क्षीर्ण केन्द्रों में बहुउद्देशीय प्रशिक्षण व स्थानीय उत्पादन को क्रय करने की व्यवस्था है ? यदि हां तो क्या सरकार जनपद टिहरी गढवाल के चम्बा स्थित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उत्पादन केन्द्र के पुनर्निर्माण/सुदृढ़ीकरण के लिए कोई योजना प्रस्तावित करने जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सूक्ष्म एवं लघु उद्योग |
| श्री सुरेश राठौर<br>06.05.2019 | 69. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उपनल में कार्यरत पूर्व सैनिकों हेतु सेवानिवृत्ति उम्र के लिए क्या मानक तय किये गये है? क्या कोई संस्थान सरकार द्वारा तय किये गए मानकों के विपरीत उपनल में कार्यरत पूर्व सैनिकों की सेवा अवधि समाप्त कर सकता है? यदि हां तो मानकों का औचित्य क्या है? यदि नहीं तो सेवानिवृत्ति से पूर्व उपनल कर्मियों की सेवा समाप्ति करने वाले संस्थानों पर की गई कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों ? | सैनिक कल्याण |
| श्री सुरेश राठौर<br>06.05.2019 | 70. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महानिदेशक स्वास्थ्य के निदेशालय एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों (मिनिस्ट्रीयल संवर्ग) का स्थानान्तरण स्वास्थ्य निदेशालय एवं जिलो में एक से दूसरी जगह (आपसी) होता है अथवा नही? अगर हां, तो अभी तक कितने स्थानान्तरण उक्त नीति के अंतर्गत हुए है? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या ऐसी किसी स्थानान्तरण नीति बनाये जाने पर विचार हो रहा है, जिससे कार्यकुशलता, ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक जनहित में राजकीय कार्य हो सके ? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेश राठौर<br>06.05.2019 | 71. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रदेश/जिलों में विभिन्न पदों हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्तियों के लिए क्या–क्या मानक निर्धारित है एवं उनके लिए मानव संसाधन विभाग में कोई व्यवस्था है तथा उनमें भर्ती के आरक्षण में मानक क्या है? क्या मंत्री जी पूर्ण विवरण सदन में प्रस्तुत करेंगें? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.05.2019 | 72. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर के कई गांवों में ग्रामीणों के खेतों के बीचों बीच विद्युत विभाग द्वारा डबल विद्युत पोल (खम्बे) गाड़े गये हैं ? क्या यह सत्य है कि ग्रामीण काश्तकारों के द्वारा ऐतराज किये जाने के बावजूद विभागीय ठेकेदारों/कर्मचारियों द्वारा ऐसा किया गया ? क्या सरकार ग्रामीण काश्तकारों के विरोध को दृष्टिगत रखते हुए बीचों–बीच स्थापित किये गये विद्युत डबल पोल (खम्बे) को अन्यत्र शिफ्ट करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.05.2019 | 73. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्वाईन फ्लू की दवा की भारी कमी बनी हुई है जिस कारण स्वाईन फ्लू के काफी मरीजों की मौत हुई है ? क्या सरकार द्वारा प्रदेश में स्थित दवा निर्माता कम्पनियों से इस दवा का उत्पादन प्रारम्भ करवाया जा चुका है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश की किस किस दवा निर्माता कम्पनी के द्वारा | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| | स्वाईन फ्लू की दवा का उत्पादन किया जा रहा है ? क्या सभी अस्पतालों और मेडिकल स्टोर पर यह दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**07.05.2019** | 74. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार में योग ग्राम औरंगाबाद में देश विदेश से लाखों लोग आकर योग, प्राकृतिक पंचकर्मा चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र का स्वास्थ्य लाभ ले रहे है किन्तु योग ग्राम में आने के लिए बरसाती नदी/नाले को पार करने के लिए पुल व सड़क नहीं है जिस कारण लोगों को बहुत परेशानी होती है? क्या सरकार उपरोक्त स्थान पर सड़क एवं पुल बनाने की कार्यवाही कर रही है? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| **श्री धन सिंह नेगी**<br>**07.05.2019** | **मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>75. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि ऊर्जा विभाग में कनिष्ठ अभियन्ताओं के 242 पदों पर भर्ती प्रकिया प्रारम्भ हो गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक उक्त चयन प्रक्रिया में क्या कार्यवाही हुई है तथा सरकार उक्त विज्ञापित पदों पर कब तक रिजल्ट घोषित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**08.05.2019** | 76. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के तहसील कण्डीसौड़ में तीन पटिटयों क्रमशः गुंसाई, नगुण और जुआ–उदयपुर का केन्द्र बिन्दु मैण्डखाल जिसके चारों ओर लगभग 40 से अधिक ग्राम पंचायतें स्थित हैं और रसोई गैस सिलेण्डर भरवाने कण्डीसौड़ आना पड़ता है ? क्या यह सत्य है कि रसोई गैस उपभोक्ताओं द्वारा मैण्डखाल में गैस एजेन्सी खोले जाने की मांग वर्ष 2015 से लगातार की जा रही है ? क्या यह भी सत्य है कि इस क्षेत्र में उपभोक्ताओं द्वारा जिलापूर्ति अधिकारी, जिला अधिकारी, टिहरी गढ़वाल तथा क्षेत्रीय प्रबंधक इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि0, देहरादून से कई बार अनुरोध किया गया है ? क्या सरकार रसोई गैस उपभोक्ताओं की मांग को दृष्टिगत रखकर मैण्डखाल में मिनी गैस एजेन्सी स्थापित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**08.05.2019** | 77. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड थौलधार में पट्टी गुंसाई, नगुण तथ जुवा–उदयपुर के लगभग बीस हजार से अधिक आबादी वाले क्षेत्र में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैण्डखाल का उच्चीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**08.05.2019** | 78. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में कार्यरत् 35 आशा फैसिलिटेटर का माह जून, जुलाई और अगस्त 2017 का मानदेय का भुगतान नही किया गया है ? क्या सरकार इस कार्यकत्रियों के अवशेष मानदेय का भुगतान करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 08.05.2019 | 79. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में श्रेणी 4–5–6–7 की भूमि है ? यदि हां तो क्या सरकार उत्तराखण्ड के भूमिहीनों को पट्टे दिलवाने हेतु कोई प्रावधान रखे जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल 08.05.2019 | 80. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सभी अनुसूचित जाति/जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा रसोई गैस की सुविधा सुनिश्चित की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री धन सिंह नेगी 08.05.2019 | 81. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य में मनरेगा के तहत कार्यरत संविदा पर कनिष्ठ इंजीनियरिंग प्रशासनिक सहायकों प्रोजेक्ट मैनेजरों के पदों पर कर्मी नियुक्त किये गये है? यदि हॉ तो, क्या सरकार उत्तराखण्ड़ राज्य में मनरेगा के तहत रखे गये जनपदवार सभी कार्मिकों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या यह भी सत्य है कि मनरेगा के तहत रखे गये संविदा/कार्यरत कार्मिक अपने स्थायीकरण की मांग कर रहे हैं ? यदि हॉ तो, क्या सरकार मनरेगा के तहत कार्यरत कार्मिकों को विभागीय संविदा/स्थायीकरण के आधार पर नियुक्त कराने पर विचार कर रही है ? यदि हा, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री धन सिंह नेगी 08.05.2019 | 82. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि कोर नेटवर्क सर्वे के आधार पर छूटी बसावटों को भी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा हैं? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अभी तक ऐसे कितने गांवों का चयन उक्त योजना से हो गया, जो आज सड़क मार्ग से वंचित हैं ? क्या यह भी सत्य हैं कि ऐसी समस्त हैमलेट बस्तियां जो अभी भी सड़क मार्ग से वंचित है को उक्त योजना से जोड़ने की कार्य योजना सरकार द्वारा बनाई जा रही है? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि उनकी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कफलना, अखोड़ीसैन, खेमड़ा, दिगोठी, भेटुडी, कुनाली, पुजाल्डी, कोटद्वार को भी उक्त योजना के तहत सड़क मार्गो से जोड़ा जायेगा? यदि नहीं तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री धन सिंह नेगी 09.05.2019 | 83. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में नर्सिंग कॉलेज के माध्यम से ट्रेनिंग देने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी हैं? यदि हां तो वर्तमान में राज्य में नर्सिंग कॉलेजों की संख्या का विवरण क्या हैं? क्या यह भी सत्य है कि नर्सिंग कॉलेजों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष अधिकांश पद रिक्त हैं? यदि हॉ तो वर्तमान में राज्य सरकार के नर्सिंग कॉलेजों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष रखे गये कार्मिकों का विवरण क्या हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 09.05.2019 | 84. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना में आयुष सेवाओं के अन्तर्गत आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक विभाग संचालित हैं? शासनादेश सं0–191 दिनांक 01 अप्रैल, 2011 द्वारा आयुर्वेदिक विभाग की आयुष विभागों के अन्तर्गत कार्यरत संविदा फार्मसिस्ट एवं बहुउद्देश्यीय कार्मिकों के मानदेय में (दिनांक 01.04.2011 से 31.03.2012 तक) प्रतिमाह क्रमशः रू0 4000/– एवं रू0 2000/– की वृद्वि की गई थी तथा पी0आई0पी0 दिनांक 01 अप्रैल, 2012 द्वारा (दिनांक 01.04.2012 से 15.10.2012 तक) प्रतिमाह क्रमशः रू0 2000/–एवं रू0 1000 की वृद्धि की गई थी? परन्तु उक्त योजनान्तर्गत होम्योपैथिक विभाग में कार्यरत कुल 28 फार्मसिस्ट एवं 32 बहुउद्देशीय कार्मिकों के वेतन में प्रतिमाह बढ़ायी गयी उक्त धनराशि के एरियर के रूप में देय कुल रू0 3828000/रू0 (अड़तीस लाख अठाईस हजार रू0 मात्र) का भुगतान विभाग द्वारा अद्यतन तक नहीं किया गया है? क्या सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजनान्तर्गत | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| | होम्योपैथिक विभाग में (दिनांक 01.04.2011 से 31.03.2012 तक दिनांक 01.04.2012 से 15.10.2012 तक) प्रतिमाह बढ़ाये गये एरियर के रूप में देय कुल रू0 3828000/– (रू0 अड़तीस लाख अठाइस हजार) मात्र की धनराशि का भुगतान करेगी ? यदि हां, तो कब तक एरियर का भुगतान कर दिया जाएगा ? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ? | |
| श्री धन सिंह नेगी<br>10.05.2019 | 85. क्या मत्स्य विकास मंत्री अवगत है कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्र्तगत टिहरी झील में मत्स्य विभाग की कोई योजना संचालित हैं? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी झील में मछ़ली पालन हेतु विभाग द्वारा किये गये टेंडर में सरकार को प्रतिवर्ष कितने राजस्व की प्राप्ति हो रही है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार मत्स्य आखेट करने वाले तालाबों में संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कुछ धनराशि खर्च करती हैं ? यदि हॉ तो, क्या सरकार टिहरी झील के आस–पास कुछ स्थानों पर अवस्थापना विकास का कार्य करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | मत्स्य |
| श्री धन सिंह नेगी<br>10.05.2019 | 86. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य हाईड्रो पावर के उत्पादन हेतु सरकार द्वारा विभिन्न स्थानों के लिए सर्वेक्षण कराये गये हैं? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में हाईड्रो पावर के उत्पादन के लिए कौन–कौन से स्थानों का सर्वे किया गया है तथा उन पर अभी तक क्या कार्यवाही हुई है? क्या यह भी सत्य है कि जनपद टिहरी गढ़वाल में भिलगंना नदी पर ''रन आफ द रिवर'' पर घुत्तु से घनसाली की ओर 25–25 मेगावाट की डी0पी0आर0 बनायी गयी थी, उन पर क्या कार्यवाही की गयी हैं? यदि नहीं तो, क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>10.05.2019 | 87. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड़ राज्य में लोक निर्माण विभाग का विभागीय ढॉचा पुर्नगठित किया गया हैं? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि लो0नि0वि0 के प्रशासनिक ढॉचे में मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता के कुल कितने डिवीजन व पदों का सृजन किया गया हैं ? क्या यह भी सत्य है कि विभागीय ढॉचे के अनुरूप एवं अधिकारियों के पदों के सापेक्ष सहायक अभियन्ताओं, कनिष्ठ अभियन्ताओं व तृतीय श्रेणी के पदों पर मानक के अनुसार पदों का सृजन नहीं हुआ हैं? यदि हां तो, क्या सरकार अधिकारियों के पदो के सृजन के सापेक्ष तृतीय श्रेणी व आउट सोर्सिंग पदों का सृजन करेंगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.05.2019 | 88. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम धर्मपुर के झबरेड़ा तांशीपुर मार्ग से सतीश के खेत से खाताखेड़ी व पाडलीखेड़ा तक लगभग 1/2 कि0मी0 सड़क निर्माण की कोई योजना हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राजकुमार<br>10.05.2019 | 89. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भेड़पालकों के उत्थान हेतु कोई नीति बनाई गयी है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | पशुपालन |
| श्री राजकुमार<br>13.05.2019 | 90. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत लोक निर्माण अधीन 23 करोड़ रूपये के स्वीकृत बजट से कौन–कौन से निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं? क्या सरकार उनका विवरण सदन के पटल पर रखेगी? क्या वर्ष 2017–2018 में लोक निर्माण विभाग द्वारा विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नई सड़क स्वीकृत की गयी है यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.5.2019 | 91. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ई–फार्मेसी को मान्यता दिए जाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ? क्या यह सत्य है कि ब्रान्डेड व जैनरिक दवायें सस्ते रेट पर बिना समय गंवाये मरीजों को मिलने से फायदा होगा ? यदि हां, क्या सरकार प्रदेश में ई–फार्मेसी योजना को प्रारम्भ करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.5.2019 | **मा0 न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>92. क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनु0जाति, जनजाति को पदोन्नति में आरक्षण के निर्देश केन्द्र सरकर ने सभी राज्यों के लिए कर दिए हैं, के क्रम में उत्तराखण्ड सरकार ने क्या यह प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है ? यदि नहीं, तो इस कार्य को कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? | कार्मिक |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.5.2019 | 93. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा नन्दादेवी कन्या धन योजना के तहत जन्म के समय चलायी गई हमारी कन्या हमारा अभिमान योजना में कन्याओं का चयन किया गया था ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2015–16, 2016–17 में आवेदन कर चुकी पात्र कन्याओं की जनपदवार संख्या क्या है ? उनमें से कितनी कन्याओं को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है और कितनी कन्यायें लाभान्वित की जानी अवशेष है ? क्या यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा उक्त योजना बन्द कर दी गई है ? क्या योजनान्तर्गत 01 जुलाई 2017 से पूर्व चयनित सभी अवशेष कन्याओं को लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा धनावंटन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.5.2019 | 94. क्या ग्रामीण अभियन्त्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी ग्राम पापरा तल्ला से पापरा मल्ला तक ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा 1.65 कि0मी0 मोटर मार्ग का निर्माण करवाया जा चुका है ? क्या यह सत्य है कि पापरा तल्ला से पापरा मल्ला तक मोटर मार्ग का निर्माण पूर्ण कराये जाने हेतु 01 कि0मी0 मोटर मार्ग के निर्माण कराये जाने की और आवश्यकता है ? यदि हां तो अवशेष भाग के निर्माण की स्वीकृति कब तक प्रदान की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्रामीण अभियन्त्रण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.5.2019 | 95. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र टिकरी (नैनबाग) अतिवृष्टि के कारण 25.04.2019 को क्षतिग्रस्त हो गया है ? क्या यह सत्य है कि केन्द्र में नामांकित शिशुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार क्षतिग्रस्त केन्द्र का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.5.2019 | 96. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि सरकार के समक्ष पूर्व स्वीकृत बड़ी संख्या में योजनाऐं लम्बित है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा इन सड़कों को पूर्ण करने का क्या प्रयास किया जा रहा है तथा इनके लिए बजट का क्या प्राविधान है ? क्या यह सत्य है कि पूर्व घोषणाओं में स्वीकृत अधिकांश सड़कों का औचित्य नहीं है साथ ही कई गांव उसमें से प्रधानमंत्री सडक योजना में आ गये हैं तथा कई सड़क मार्गों से जुड़े हैं या उनके द्वारा अन्य जगह से सड़कें प्रस्तावित की गई | लोक निर्माण |

हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार समस्त सड़कों का परीक्षण कराकर जन उपयोगी सड़कों को ही सूचीबद्ध कर निर्माण करने का कार्य करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| **श्री देशराज कर्णवाल** 14.5.2019 | 97. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश की सरकार द्वारा धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्रों में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का निर्णय लिया गया है ? यदि हां, तो इसके लिए कहां–कहां क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं तथा उन पर कब तक कार्य पूर्ण होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 14.5.2019 | 98. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में पैरामैडिकल शिक्षण संस्थान में प्रयोगशाला एवं कक्ष निर्माण हेतु सरकार कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| **श्री राजकुमार** 14.5.2019 | 99. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा 108 स्वास्थ्य सेवा की तर्ज पर दूसरी कम्पनी को कार्य दिया है ? यदि हां तो क्या उस स्वास्थ्य कम्पनी का नाम कम्पनी संचालन का नाम व पूरा पता बताने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| **श्री राजकुमार** 14.5.2019 | 100. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि विधायक निधि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों पर जी0एस0टी0 लग रही है ? यदि हां, तो सरकार उन सभी कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |